MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -24 मंदसौर, 3 दिसम्बर 2025 बुधवार से 9 दिसम्बर 2025 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# आज शामगढ़ पहुंचेंगे करणी सेना परिवार के जीवन सिंह शेरपुर, 21 सूत्रीय मांगों को लेकर जन क्रांति आंदोलन तेज

**यशस्वी दुनिया शामगढ़**

शामगढ़। करणी सेना परिवार जिला रतलाम के नेतृत्वकर्ता जीवन सिंह शेरपुर का आगमन आज शामगढ़ में होने जा रहा है। अपने 21 सूत्री मांगपत्र को लेकर वह प्रदेश भर में जन क्रांति आंदोलन चला रहे हैं। शेरपुर का कहना है कि समाज के सम्मान व न्याय के लिए अब सामूहिक आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। जानकारी के अनुसार, हरदा में 12,13 जुलाई को हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच की मांग, तथा देवास व हरदा में समाजजनों पर दर्ज कथित झूठे प्रकरणों को वापस लेने सहित कुल 21 मुख्य बिंदुओं को लेकर जीवन सिंह शेरपुर लगातार सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।



इसी क्रम में 21 दिसंबर को हरदा में सुबह 9:30 बजे समाजजन को बड़ी संख्या में उपस्थित होने का भी निवेदन किया गया है। करणी सेना परिवार इस अभियान को लेकर अत्यंत उत्साहित है। शामगढ़ में शेरपुर के स्वागत तथा जन क्रांति यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिल रहा है।

स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि समाज के हक और सम्मान की लड़ाई में यह आंदोलन नई ऊर्जा देगा तथा प्रदेशभर में समाजजन को एकजुट करने का महत्वपूर्ण कार्य करेगा।

# शामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई 2012 से फरार दो स्थायी वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**यशस्वी दुनिया शामगढ़**

शामगढ़। मादक पदार्थों की तस्करी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण में शामगढ़ थाना पुलिस ने 13 वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी ताराचंद पिता लक्ष्मीनारायण तिवारी (52) निवासी शामगढ़ और रामप्रकाश उर्फ प्रकाश गंजा पिता मांगीलाल बलाई (53) निवासी आलमगढ़, शामगढ़ को पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर दबोच लिया।

मंदसौर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना (भा.पु.से.) द्वारा जिले में मादक पदार्थों के तस्करों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए




जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। इस अभियान का जिला स्तरीय पर्यवेक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कूरील कर रही हैं। वहीं अनुभाग स्तरीय विशेष कार्ययोजना अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतामऊ दिनेश प्रजापति के निर्देशन में संचालित की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी शामगढ़ उपनिरीक्षक अभिषेक बोरासी एवं उनकी टीम–उनि राजुसिंह अहिरवार, प्रआर धनपाल जाट, आर हीरालाल यादव एवं आर विशालसिंह चंद्रावत–ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, माननीय विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट गरोठ के प्रकरण क्रमांक 12/2012, अपराध क्रमांक 115/2012 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में दोनों आरोपी वर्ष 2012 से फरार थे। अदालत द्वारा 29 नवंबर 2025 को इन पर स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा की गई यह कार्रवाई अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है और मादक पदार्थों के अपराधों पर नकेल कसने की दिशा में बड़ी सफलता के रूप में देखी जा रही है।

## मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार लंबे समय से था फरार, राजस्थान में भी 2 मामलों में थी तलाश; कोर्ट ने भेजा जेल

मंदसौर। जिले की पिपलियामंडी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान लक्ष्मीनारायण मालवीय (32) निवासी बंडपिपलिया, थाना नारायणगढ़ के रूप में हुई है। वह एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में घटना दिनांक से ही फरार था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देश पर चलाए जा रहे फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई। एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल और एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह मंगोलिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह गिरफ्तारी की।

**राजस्थान में भी दर्ज हैं तस्करी के केस**



पुलिस के अनुसार, आरोपी लक्ष्मीनारायण थाना पिपलियामंडी के अपराध क्रमांक 86/25 (धारा 8/18, 29 एनडीपीएस एक्ट) के मामले में वांछित था। जांच में सामने आया कि वह राजस्थान में भी मादक पदार्थ तस्करी के दो अन्य मामलों में वांछित था।

**एसपी बोले- तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा**

एसपी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त फरार तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन रोकने पर होगी सख्त कार्रवाई - कलेक्टर गर्ग

## जनसुनवाई में कलेक्टर एवं सीईओ ने सुनी 65 आवेदकों की समस्याएं

**यशस्वी दुनिया मंदसौर**

मंदसौर, 2 दिसंबर 2025। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने साफ निर्देश दिए कि किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी या कर्मचारी की पेंशन बिना अधिकृत कारण के नहीं रोकी जाए। पेंशन रोकने या इसमें अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय स्तर पर पेंशन से संबंधित कोई भी फ़ाइल या कैश लंबित नहीं रहना चाहिए।

कलेक्टर गर्ग ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन रोकी जाती है, तो वे तुरंत जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपनी शिकायत प्रस्तुत करें। प्रशासन द्वारा ऐसे प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी ताकि पात्र कर्मचारियों को उनका अधिकार समय पर मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग और जिला पंचायत के सीईओ श्री अनुकूल जैन ने कुल 65 आवेदकों की समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले में गंभीरता से कार्रवाई की जाए, ताकि कोई भी नागरिक अनावश्यक रूप से परेशान न हो। उन्होंने कहा कि आमजन को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### जनसुनवाई में उठे महत्वपूर्ण प्रकरण

भानपुरा निवासी लक्ष्मीबाई ने डूब क्षेत्र की कृषि भूमि का मुआवजा दिलवाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार भानपुरा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ढाबला निवासी भारत सिंह ने मंदिर जिर्णोद्वार हेतु राशि स्वीकृत करवाने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने एसडीएम मल्हारगढ़ को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की हिदायत दी।

दलोदा रेल निवासी मांगीलाल ने भूमि रकबा सुधार के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार दलोदा को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा जनसुनवाई में वृद्धा पेंशन, पीएम आवास की राशि, बिजली बिल में सुधार, सिमांकन, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ, अतिक्रमण हटवाने और भूमि से बंधक हटवाने जैसे विविध मामलों पर भी आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का समय सीमा में समाधान हो और नागरिकों के हितों को प्राथमिकता दी जाए।

# संपादकीय

## एसआईआर पर गतिरोध

गहन मतदाता पुनरीक्षण ( एसआईआर) के मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक जो कोहराम मचा हुआ है उसे देखते हुए चुनाव आयोग ने इसकी समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। अब मतदाता अपना फार्म 4 दिसम्बर के स्थान पर 11 दिसम्बर तक बीएलओ को दे सकेंगे। समझा जा रहा है कि इससे बीएलओ का भार भी कुछ हल्का होगा। मगर संसद के पहले दिन ही लोकसभा में इस मुद्दे पर जो हंगामा हुआ वह अपेक्षित था क्योंकि विपक्षी दल मांग कर रहे थे कि एसआईआर के मसले पर सभी काम छोड़ कर सदन में विशद चर्चा कराई जाये जिसके लिए सरकार राजी नहीं हुई और दिन भर लोकसभा की कार्यवाही बाधित होती रही। लोकतन्त्र में यह कोई अनूठी घटना नहीं है क्योंकि विपक्ष प्रायः उन्हीं मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करता है जिन पर जनता आन्दोलित होती है। जाहिर है कि मतदाता सूची संशोधन का मामला राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय बहस का विषय बना हुआ है और विपक्ष लगातार इस सिलसिले में चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रहा है। दूसरी तरफ चुनाव आयोग जिद पर अड़ा हुआ है कि देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची संशोधन का कार्य निश्चित समयावधि में पूरा होना चाहिए। इसके चलते देश के विभिन्न राज्यों में दर्जनों बीएलओ की मृत्यु भी हो चुकी है और कई ने आत्महत्या तक की है। पहले विपक्ष यह भी मांग कर रहा था कि आत्महत्या के लिए चुनाव आयोग के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई तक होनी चाहिए क्योंकि राज्य सरकार के विभिन्न कर्मचारियों ने ड्यूटी पर आत्महत्या की है। ज्ञातव्य है कि चुनाव आयोग चुनाव सम्बन्धी काम कराने के लिए राज्य सरकारों के कर्मचारी ही प्रतिनियुक्ति पर लेता है। ये कर्मचारी प्रायः तीसरी श्रेणी के होते हैं जो बीएलओ का काम करते हैं। बीएलओ की आत्महत्याओं से ऐसी अवधारणा बनी है कि इन पर काम का भारी बोझ है जिसे चुनाव आयोग दो महीने के भीतर ही पूरा करना चाहता है। जिन 12 राज्यों में चुनाव आयोग मतदाता सूची संशोधन का काम करा रहा है उनमें से हाल-फिलहाल में किसी भी राज्य में चुनाव नहीं होने हैं। अतः यह दलील दी जा रही है कि चुनाव आयोग यह काम न्यूनतम छह महीने के भीतर करा सकता था जिससे कर्मचारियों पर काम का बोझ न होता। इसके पक्ष में तर्क दिया जा रहा है कि पिछली बार जब 2003 में मतदाता सूची संशोधन का काम किया गया था तो उसके लिए दो वर्ष का समय रखा गया था। इसे देखते हुए दो महीने का समय वास्तव में बहुत कम लगता है । इससे आभास होता है कि चुनाव आयोग हड़बड़ी में है और वह अपना काम जल्द से जल्द करना चाहता है। दूसरी तरफ देश के सर्वोच्च न्यायालय में भी एसआईआर को लेकर दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। समझा जा रहा है कि चुनाव आयोग ने संशोधन में एक सप्ताह की सीमा इस सुनवाई के दौरान विद्वान न्यायाधीशों की टिप्पणियों के चलते ही की है। न्यायालय में जो पीठ सुनवाई कर रही है उसके मुखिया मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकान्त हैं । श्री सूर्यकान्त ने कहा था कि यदि याचिकाकर्ता उनके समक्ष यह सिद्ध कर दें कि समय सीमा बढ़ाने के ठोस तर्क हैं तो वह चुनाव आयोग को यह सीमा बढ़ाने के आदेश दे सकते हैं। विगत 26 नवम्बर को तमिलनाडु व प. बंगाल सरकारों द्वारा एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई करते हुए श्री सूर्यकान्त ने यह टिप्पणी की थी। मूल प्रश्न यही है कि मतदाता सूची संशोधन क्यों आवश्यक है और इसके लिए इतनी जल्दबाजी क्यों है बेशक मतदाता को जो भारत का लोकतन्त्र एक वोट का अधिकार देता है वह उसका सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार है और इसकी पवित्रता हर हाल में अक्षुण्ण रहनी चाहिए। मतदाता सूचियों में दोहरे नामों की समस्या कोई नई नहीं है। इसके साथ ही एक मतदाता का नाम अलग-अलग राज्यों की सूचियों में भी पाया जाता है। इन खामियों को दूर करने के लिए चुनाव आयोग को निश्चित रूप से निर्णायक प्रयास करने चाहिए।

# स्कूल की रेलिंग पर लटका मिला युवक का शव

**रतलाम में सीएम राइज स्कूल की बाउंड्री पर गमछे से लगाया फंदा; मोबाइल स्विच ऑफ मिला**

रतलाम। रावटी में मंगलवार सुबह एक युवक का शव बंद पड़े सीएम राइज स्कूल की बाउंड्रीवॉल की रेलिंग से लटका मिला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय भानूप्रताप सिंह राठौर के रूप में हुई है। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रावटी के मंडी रोड पर स्थित बंद पड़े सीएम राइज स्कूल की रेलिंग पर सुबह 6.30 बजे राहगीरों ने शव लटका देखा। उन्होंने तुरंत उसे गांव के युवक के रूप में पहचाना और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और फिर पुलिस को बुलाया। सूचना मिलने पर रावटी थाने के सब इंस्पेक्टर एमआई खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। युवक ने गमछे से फंदा लगाया था और उसका मुंह स्कूल की दीवार से



सटा हुआ था। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारा।

### मोबाइल मिला बंद, सुसाइड नोट नहीं मिला

पुलिस की प्राथमिक जांच में फांसी लगाकर आत्महत्या की बात सामने आई है। शव पूरी तरह अकड़ गया था, जिससे संभावना है कि युवक ने देर रात फांसी लगाई है। मृतक की पेंट की जेब से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोबाइल मिला है, लेकिन वह स्विच ऑफ था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### तीन भाइयों में सबसे छोटा था

जानकारी के अनुसार, मृतक भानूप्रताप (निवासी इंद्रा कॉलोनी) अविवाहित था। उसके दो बड़े भाई अमित और लक्की हैं। वह सबसे छोटा था। घर में मां हैं, जबकि पिता का पूर्व में निधन हो चुका है।

### पुलिस कर रही जांच

रावटी थाने के सब इंस्पेक्टर एमआई खान ने बताया कि युवक के शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान





डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485




हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268



प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड
हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।



चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।



नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# युवती से छेड़छाड़ मामले में पुलिस पर आरोप-एसपी के पास पहुंची पीड़ित, बोली- पुलिस ने शिकायत में हेरफेर कर बयान फाड़ दिए

नीमच। सिटी थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक युवती ने अपने पड़ोसी गोविंद बंजारा पर घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद युवती और उसके परिजनों ने पुलिस पर शिकायत में हेरफेर करने और बयान फाड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मंगलवार शाम को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।

युवती के अनुसार, यह घटना सोमवार रात को हुई थी जब वह और उसकी छोटी बहन घर पर अकेली थीं। इसी दौरान पड़ोसी गोविंद बंजारा उनके घर में घुस आया और युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की।

पीड़िता और उसके परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना देने के बाद जब वे शिकायत दर्ज कराने थाने पहुँचे, तो संबंधित पुलिस अधिकारी दयाल हाड़ा ने उनकी बताई हुई



वास्तविक घटना को छोड़कर अपनी मर्जी से एक आवेदन तैयार किया और उन पर हस्ताक्षर करवा लिए। युवती ने बताया कि जब उसने बाद में आवेदन पढ़ा, तो उसमें घटना का विवरण पूरी तरह से अलग था, लेकिन अधिकारी ने उसकी बात नहीं सुनी।अगले दिन सुबह, पुलिस अधिकारी ने उन्हें स्थानीय चौकी बुलाया, जहाँ रात में लिखा गया आवेदन फाड़ दिया गया। इसके बाद एक नया आवेदन तैयार कर उन पर फिर से हस्ताक्षर करवा लिए गए, जो वास्तविक घटना से मेल नहीं खा रहा था। युवती ने पुलिस अधिकारी पर आरोपी पक्ष से मिलीभगत का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता के नीमच पहुँचने के बाद उन्होंने सीधे एसपी कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी।

इस मामले को संज्ञान में लेते हुए सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ने बताया कि युवती और उसके माता-पिता को थाने बुलाया गया है। युवती के बयान के आधार पर मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी चौहान ने यह भी बताया कि आरोपी की तलाश में टीमें भेज दी गई हैं। इसके साथ ही, आवेदन में किसने और किस तरह की हेरफेर की है, इसकी भी गहन जांच की जाएगी।

सरदार पटेल
Cure With Care
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
प्रत्येक शनिवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. रघुवीरसिंह MBBS, M.S.
हड्डीएवं कमर रोग विशेषज्ञ
हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार की बिमारियों का ईलाज एवं आपरेशन।
सभी प्रकार के कमर एवं जोड़ो से संबंधित ईलाज
सभी प्रकार की नसों से संबंधित समस्या का ईलाज।
सायटिक का ईलाज
सभी प्रकार के फ्रेक्चर का सम्पूर्ण ईलाज।
गठियावात, दर्द का सम्पूर्ण ईलाज।
घुटनों एवं जोड़ों का दर्द का ईलाज।
बच्चों की जन्मजात विकृतियों का ईलाज।
लिगामेंट इंजरी का ईलाज।
प्रत्येक रविवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. भारद्वाज MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
बच्चों का चिड़चिड़ापन
लार टपकना
बोल नहीं पाना, हकलाना
झटके आना
बार बार बुखार आना
शारीरिक विकलांगता
वजन/ लंबाई का ना बढना
बच्चों में जन्म से पीलिया होना
बार बार सर्दी खांसी होना
बच्चों को भूख नहीं लगना
बच्चों में खून की कमी
बच्चों के छुटे हुए टिके
बच्चों का वजन नहीं बढ़ना
रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने हेतु समस्त प्रकार के वेक्सीन
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ. दीपिका शर्मा MBBS DGO Obs & gynec
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रूप से उपलब्ध
ए.सी. ऑपरेशन थियटर
कम्प्यूटराईज्ड लेब
मेडिकल
एंबुलेंस
ICU
ECG
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें - 9630656214
पता - 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला- मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883

# सड़क हादसे में पति के बाद पत्नी की मौत

**फोफलिया-हरवार के बीच कार ने दंपती को मारी थी टक्कर, दो बच्चे हुए अनाथ**

नीमच। जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत फोफलिया और हरवार के बीच हुए सड़क हादसे में पति कारूलाल सेन की मौत के बाद अब मंगलवार को उनकी पत्नी रेखाबाई सेन ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। इस घटना के बाद उनके दो छोटे बच्चे अनाथ हो गए हैं।

दरअसल, एक कार चालक ने बाइक सवार कारूलाल सेन और उनकी पत्नी रेखाबाई सेन को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों 30 से 35 फीट तक घसीटते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद कारूलाल सेन की मौत हो गई थी।

**इलाज के दौरान हुई पत्नी की मौत**

रेखाबाई सेन को गंभीर हालत में अहमदाबाद रेफर किया गया था, जहां उनका लंबा इलाज चला। हालांकि, उपचार के बाद वे घर पर थीं, लेकिन मंगलवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन उन्हें नीमच जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद मंगलवार दोपहर में परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजन कलेक्टर कार्यालय में मृतक का केशव को लेकर पहुंचे और आर्थिक सहायता की मांग की है। एसडीएम संजीव साहू ने परिजनों को समझाइश देकर मौके से रवाना किया है।

**सरकार से बच्चों को आर्थिक सहायता देने की मांग**

पीड़ित परिवार ने मांग की है कि मृतक कारूलाल सेन और रेखाबाई सेन के दो छोटे बच्चे हैं, जिनके पालन-पोषण के लिए अब कोई नहीं है। उनके भविष्य को देखते हुए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

दरअसल, कारूलाल सेन की मौत के बाद जीरन पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप लगाते हुए परिजनों ने बीते दिनों रेवली देवली में चक्का जाम किया था। यह चक्का जाम करीब ढाई घंटे चला था, जिसके बाद पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक बलराम पिता राजेश पाटीदार निवासी पानमोडी, थाना रटाजना को गिरफ्तार किया था। आरोपी चित्तौड़गढ़ जिले में वन विभाग में पदस्थ बताया जा रहा है।

NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally
Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़

शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# सिंचाई पाइपलाइन फटी, 4 किमी दूर से दिखा नजारा

## खेतों में भरा पानी, फसलों को नुकसान; किसानों ने की कार्रवाई की मांग

मंदसौर। जिले की शामगढ़ तहसील के आवरा गांव में सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की पाइपलाइन एक बार फिर फट गई। चंबल नदी से खेतों तक पानी पहुंचाने वाली इस पाइपलाइन के फटने से सैकड़ों फीट ऊंचाई तक पानी की तेज बौछार उठी। यह नजारा करीब 4 किलोमीटर दूर से भी साफ दिखाई दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, विभाग की लापरवाही के कारण इस क्षेत्र में पाइप फटने की घटनाएं लगातार हो रही हैं।



कुछ दिन पहले भी आवरा गांव में इसी पाइपलाइन के फटने से किसानों की फसलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थीं। तेज बहाव के कारण खेतों की उपजाऊ मिट्टी भी बह गई थी।

इस बार फिर पाइपलाइन फटने से आसपास के किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों की लागत से बनी इस परियोजना की पाइपलाइन बार-बार फटने से किसानों को आर्थिक क्षति हो रही है। किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों से परियोजना की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अतिक्रमण हटाने पर व्यापारियों का चक्का जाम

मंदसौर। शहर के बीपीएल चौराहे से लेकर मंडी गेट तक के मार्ग को आदर्श रोड के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू होना है, इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।



कार्रवाई के दौरान गांधी चौराहा स्थित जिला चिकित्सालय के सामने व्यवसाय करने वाले हाथ ठेला और गुमटी व्यापारियों ने मंगलवार को विरोध जताते हुए सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया। व्यवसायियों का कहना है कि वह सालों से यहां व्यापार कर रहे हैं और प्रशासन द्वारा अचानक से आना और हमारे ठेले हटाना उचित नहीं है। विरोध से चलते मार्ग पर यातायात बाधित है, पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास जारी है। फिलहाल प्रशासन व्यापारियों से चर्चा कर समाधान निकालने की कोशिश में जुटा है।

# मंदसौर कलेक्टर बोलीं- एसआईआर फॉर्म तय समय में अपलोड करें

मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक की गई। इसमें कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को क्षेत्रवार निरंतर निगरानी करने और बीएलओ से लक्ष्य के अनुसार कार्य करवाने को कहा।




**जमीन आवंटन से जुड़े केसों पर चर्चा**

कलेक्टर ने सभी जिलाधिकारियों को साप्ताहिक बैठक के पालन रिपोर्ट समय पर भेजने के निर्देश भी दिए। जमीन आवंटन से जुड़े केसों पर चर्चा करते हुए उन्होंने ऐसे मामलों को प्राथमिकता देकर समय सीमा में कार्रवाई तय करने को कहा। सिविलवाद से जुड़े लंबित मामलों में हाई कोर्ट में समय पर जवाब पेश करना अनिवार्य बताया गया।

**कोई भी पेंशन केस पेंडिंग न रहे**

पेंशन मामलों में गंभीरता से काम करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि कोई भी पेंशन केस लंबित नहीं रहना चाहिए। मॉडल रोड निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, जहां-जहां अतिक्रमण हैं, उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई करने के लिए भी कहा। विद्युत विभाग को घंटाघर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग को शेष राजस्व गांवों में लंबित सर्वे कार्य तुरंत पूरे करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पशुपालन विभाग को जिले की गोशालाओं का सर्वे तेजी से पूरा कर समग्र रिपोर्ट पेश करने को कहा गया । बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गरोठ की छात्राओं ने नेशनल क्रॉस कंट्री में चौथा स्थान

## मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर लौटीं, स्कूल में हुआ स्वागत

मंदसौर । जिले के गरोठ, ओर भानपुरा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं, तुलसी और वर्षा ने राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों छात्राओं ने हरियाणा के भिवानी में आयोजित इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। मंगलवार को स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।कक्षा 12वीं की छात्राएं तुलसी और वर्षा ने 400 मीटर की दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले,



उन्होंने सागर में हुए संभाग स्तरीय चयन के बाद सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया था। ब्लॉक खेल शिक्षक राजेंस नांडिया ने बताया कि तुलसी और वर्षा खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन करती हैं। दोनों छात्राएं किसान परिवार से आती हैं, जहां उनकी माताएं घर के काम के साथ खेती में भी सहयोग करती हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में सराहना की जा रही है। प्राचार्य देवेंद्र सिसोदिया ने कहा कि दोनों बालिकाएं पढ़ाई और खेलों दोनों में प्रतिभाशाली हैं। क्रॉस कंट्री के अलावा, उनकी खो-खो में भी रुचि है और वे उसमें भी अच्छा प्रदर्शन करती हैं। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंदसौर जेल में 200 कैदियों ने किया गीता पाठ

मंदसौर। जिला जेल में गीता जयंती के अवसर पर 200 कैदियों ने सामूहिक रूप से श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय का पाठ किया। इस आयोजन में जैन मुनि चिराग जी, जेल अधीक्षक प्रेम कुमार सिंह और पंडित कृष्णवल्लभ शास्त्री ने भाग लिया। इसमें गीता के श्लोकों का वाचन किया गया और उनके सरल अर्थ कैदियों को समझाए गए। पंडित कृष्णवल्लभ शास्त्री और जैन मुनि चिराग जी ने श्लोकों का



सार पेश कर कैदियों को आध्यात्मिक प्रेरणा दी। जेल अधीक्षक प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन कैदियों में सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। जैन मुनि चिराग जी ने कैदियों से कहा कि आप बुराई का रास्ता छोड़कर अच्छाई का मार्ग अपनाएं, कानून के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।




समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑप्शन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बांड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306